दिनांक-24जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम मुख्यालय में महापौर देवेंद्र यादव करेंगे ध्वजारोहण

26 जनवरी 2020 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में महापौर देवेंद्र यादव द्वारा प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा! आयुक्त ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उपस्थिति रहने के निर्देश दिए गए! साथ ही सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से भी टीप कराएंगे कि कर्मचारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो! अनुविभाग कार्यालय मे प्रातः 7:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा जिसके पश्चात जोन के समस्त अधिकारी/कर्मचारी मुख्य कार्यालय में ध्वजारोहण हेतु उपस्थित होंगे!

अनुविभाग कार्यालय में ध्वजारोहण जोन समिति के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा! मुख्य कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है! मुख्य कार्यालय मे रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था की जा चुकी है! स्मारकों की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण की व्यवस्था कराई जा रही है इसके साथ ही चौक चौराहों इत्यादि जगहों पर सफाई व्यवस्था की जा रही है! गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीत का प्रसारण नगर के मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा! 26 जनवरी 2020 गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम भिलाई द्वारा गौठान को लेकर आकर्षक झांकी तैयार की जा रही है जिसके लिए सुनील दुबे , अजय शुक्ला, विष्णु चंद्राकर, रामप्रवेश एवं वासुदेव बनर्जी को नियुक्त किया गया है! गणतंत्र दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए निगम भिलाई जनसामान्य से अपील करता है!

जनसंपर्क अधिकारी